# लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय फोन

हलो !

¡Hola!



Allô!

Moshi-Moshi!

कंज्यूमर इन्फार्मेशन ब्यूरो का एक प्रकाशन
1-888-CALL-FCC (आवाज), 1-888-TELL-FCC (TTY)
www.fcc.gov/cib

Consumer Information Bureau

Federal Communications Commission

International Bureau

फेडरल कम्यूनिकेशन्स कमीशन
Federal Communications Commission
445 12th Street, SW
Washington, DC 20554

कृपया सूचित हों कि जिन देशों ने कालबैक सेवा को स्पष्टत: गैरकानूनी घोषित कर दिया है उन देशों में यूनाइटेड स्टेट्स के कालबैक सेवा प्रदायकों को यह अधिकार नहीं है कि वे अपने ग्राहकों को ये सेवा वहाँ दें। यह जानने के लिए कि किन देशों में कालबैक सेवा का निषेध किया गया है, एफ सी सी के कंज्यूमर सेंटर को 1-888-CALL-FCC (1-888-225-5322), आवाज या 1-888-TELL-FCC (1-888-835-5322), TTY; पर फोन कर सकते हैं या हमारे वेब स्थल www.fcc.gov/cib पर देख सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय फोन करते समय टेलीफोन पर अनुवाद सेवा

अनुवाद संबंधी मदद चाहिए ? लंबी दूरी की टेलीफोन सेवा प्रदान करने वाली कुछ कंपनियों के बहुभाषी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि फीस आधारित सहायता प्रदान करते हैं। बस, आपकी भाषा बोलने वाले आपरेटर या ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के बारे में पूछें। इस सेवा के शुल्क के बारे में केरियर (कंपनी) से पूछें।

## लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय फोन सेवा चुनते समय बचत करने हेतु सुझाव

- विविध योजनाओं डायल-अराउंड, प्रि-पेड कालिंग कार्ड व कालबैक के बारे में तलाश करें एवं कीमतों की तुलना करें। इन सेवाओं के लिए दी गई शर्तों एवं प्रतिबंधों को सावधानी से पढ़ें। जहाँ तक संभव हो "मूल दरों" का भुगतान करने से बचें।

- अपने फोन करने के पैटर्न को जाने व समझें। इससे आपको एवं आपकी लांग डिस्टेंस कंपनी को उचित कीमत पर आपकी जरूरत के मुताबिक सेवा का चुनाव करने में मदद मिलेगी। इस बारे में सोचें कि क्या आप महीने भर इतने फोन करेंगे कि आपकी कालिंग प्लान के लिए लगने वाली मासिक फीस वाजिब होगी।

- यदि आप अपनी प्लान या फोन के बिल पर बताए गए शुल्क को नहीं समझ पाएं तो अपनी लांग डिस्टेंस कंपनी से प्रश्न पूछें। यदि आपको आपकी भाषा बोलने वाले ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से बात करना हो तो वैसी मांग करें।

- समय-समय पर प्लान की समीक्षा करें। ध्यान रखें कि टेलीफोन कंपनियाँ हमेशा नई दरें व नई योजनाएं जारी करती हैं। ताजातम जानकारी के लिए अपनी लांग डिस्टेंस कंपनी को फोन करें व अन्य कंपनियों के वेबस्थल पर जा कर उनके अंतर्राष्ट्रीय कालिंग प्लान के बारे में जानकारी लें। हो सकता है कि आपको कोई सस्ती योजना मिल जाए।

- जिस फोन नंबर पर आपको बात करना है, उसके बारे में आप निश्चित नहीं है ? अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टरी सहायता महंगी हो सकती है। इसकी बजाय, अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन डायरेक्टरी के लिए इंटरनेट पर खोज करें। यदि आपके पास कम्प्यूटर न हो तो ये सार्वजनिक उपयोग के लिए अक्सर स्थानीय लायब्रेरी में उपलब्ध होते हैं।

लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय फोन के बारे में अधिक जानकारी के लिए एफ सी सी के कंज्यूमर सेंटर को 1-888-CALL-FCC (1-888-225-5322), आवाज या 1-888-TELL-FCC (1-888-835-5322), TTY; पर फोन कर सकते हैं या हमें fccinfo@fcc.gov पर ई-मेल कर सकते हैं या हमारे वेब स्थल www.fcc.gov/cib पर देख सकते हैं।

*हलो !*

क्या आपको मालूम है कि पिछले 20 सालों में यूनाइटेड स्टेट्स से किए गए लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय फोनों की संख्या 200 *मिलियन* प्रतिवर्ष से बढ़ कर 5.2 *बिलियन* प्रतिवर्ष की आकाशीय ऊँचाई तक पहुँच गई है ? जब नियमित रूप से इतने अंतर्राष्ट्रीय फोन किए जाते हैं तो ग्राहकों को यह भली प्रकार मालूम होना चाहिए कि ये फोन किस तरह लगाया जाना चाहिए और इनके खर्च पर किस तरह बचत करना चाहिए। चाहे आप अपने चीन में बसे मित्र को साल में एक बार सिर्फ "हलो" कहने के लिए फोन करें या मैक्सिको में बसे अपने परिवार को हर सप्ताह फोन करें, आप अपने फोन आसानी से लगाना चाहेंगे, और वह भी किफायती दरों पर। यह कैसे कर सकते हैं, इसलिए आगे पढ़ें !

## लंबी दूरी का अंतर्राष्ट्रीय फोन मुझे कैसे लगाना चाहिए ?

हालांकि यह प्रक्रिया एक से दूसरे देश और एक ही देश के एक शहर से दूसरे शहर के लिए बदल सकती है, पर सामान्यत: अंतर्राष्ट्रीय फोन लगाने के दो तरीके हैं। आप सीधे ही फोन लगा सकते हैं या आपरेटर के जरिए। यदि आप सीधे ही फोन लगाना चाहें तो :

**<u>011</u>** + देश का कोड + शहर का कोड + फोन नंबर

उदाहरण के लिए यदि आप टोकियो, जापान में किसी को फोन करना चाहें तो आप निम्नानुसार नंबर डायल करेंगे:

| प्रवेश | | देश का कोड | | शहर का कोड | | नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **011** | **+** | **81** | **+** | **3** | **+** | **XXXX-XXXX** |

*नोट : हर वर्ग में देश या शहर के अनुसार अंकों की वास्तविक संख्या बदल सकती है।*

यदि आप आपरेटर के जरिए फोन लगाना चाहें तो डायल करें :

**<u>01</u>** + देश का कोड + शहर का कोड + फोन नंबर

ध्यान रखें कि आपरेटर के जरिए लगाए गए फोन सामान्यत: खुद किए गए फोन की अपेक्षा *बहुत* महंगे पड़ते हैं।

याद रखें - कनाडा व कैरेबियन में किए गए फोन पर अंतर्राष्ट्रीय दरें लागू होती हैं भले ही आपको लगता हो कि आप 1 + एरिया कोड + फोन नंबर डायल कर अंतर्देशीय फोन जैसा ही फोन लगा रहे हों।

## अंतर्राष्ट्रीय फोन करने में पैसे बचाने का सबसे बेहतर तरीका क्या है ?

आप किन देशों में फोन करते हैं या आप किस तरह फोन करते हैं, उसके आधार पर अंतर्राष्ट्रीय दरें *बहुत ज्यादा* बदल सकती है।

सामान्यत: लंबी दूरी के फोन का बिल प्रति मिनट के आधार पर होता है। "मूल दरों" के प्रस्ताव के अलावा टेलीफोन कंपनियाँ अंतर्राष्ट्रीय फोन का भुगतान कई अन्य तरीकों से करने का विकल्प देती हैं। 'कालिंग प्लान', 'डायल अराउंड' प्रि-पेड कार्ड व कालबेक सेवाओं में जो शुल्क लिया जाता है वह कंपनी की मूल दरों से *बहुत कम* होता है। वस्तुत:, कई मासिक फीस वाले छूटदायी कालिंग प्लान के उपयोग पर जो लागत लगती है वह मूल दरों का केवल एक छोटा भाग भर होती है।

यू.एस. से फ्रांस फोन करने की लागत के इस उदाहरण में मूल एवं छूट वाली दरें बताई गई है :

| मूल दर | कालिंग प्लान | डायल अराउंड |
|---|---|---|
| $1.99 प्रति मिनट | $0.17 प्रति मिनट ($3.00 मासिक फीस) | $0.22 प्रति मिनट ($0.10 संयोग शुल्क अलग) |

*नोट: आपके द्वारा चुनी गई कंपनी द्वारा प्रस्तावित वास्तविक दरें एवं शर्तें उपरोक्त उदाहरण से अलग हो सकती हैं।*

जब आप 'फोन कैसे करना' के बारे में तय करें तब प्रदत्त सुविधाओं की तुलना करें, जिनमें ये शामिल हैं :

- दिन/रात की अलग दरें
- फोन की न्यूनतम अवधि
- मासिक फीस की सीमाएं
- सोम-शुक्र/शनि-रवि की दरें
- संयोग शुल्क

जब तक आप छूटदायी कालिंग प्लान नहीं लें या डायल अराउंड सेवा का उपयोग नहीं करें, फोन उठा कर लंबी दूरी का अंतर्राष्ट्रीय फोन लगाना खर्चीला हो सकता है। मूल दरें एवं छूटदायी कालिंग प्लान की दरों में इतना ज्यादा अंतर है कि महीने भर में थोड़ी सी अवधि के लिए किया गया एक फोन भी कालिंग प्लान लेने पर सस्ता पड़ सकता है।

## कालिंग प्लान

कालिंग प्लान, आप एवं आपको लंबी दूरी की फोन सेवा प्रदान करने वाली कंपनी के बीच एक मासिक अनुबंध है, जिसमें पहले बतायी गई दरों पर शुल्क लिया जाता है और सामान्यत: इसकी एक मासिक फीस होती है। कालिंग प्लान से आपको लाभ मिलेगा या नहीं, यह आपके फोन करने के तरीकों/समय आदि पर निर्भर करता है। यह तय करने के लिए कि यह योजना आपके लिए ठीक रहेगी या नहीं आप सेवा प्रदायक कंपनी से पूछें कि आपके द्वारा पूर्व में किए गए फोन के विवरण के आधार पर क्या वे बता सकते हैं कि उनकी किसी अंतर्राष्ट्रीय कालिंग प्लान से आपका मासिक फोन बिल कम हो जाएगा।

इसके बाद, तथ्य जानें। मालूम करें कि इन योजनाओं के साथ कोई नियत फीस जुड़ी है (सामान्यत: $3.00 से $8.00 प्रति माह)। पूछें कि बताई गई दरें क्या दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन के लिए लागू हैं या सप्ताह के कुछ खास दिनों व खास समय (जैसे, कालिंग प्लान की दरें केवल शाम 5 बजे से सवेरे 7 बजे के बीच, सोमवार-शुक्रवार) में ही लागू हैं।

टैक्स एवं अन्य फीस के बारे में भी पूछें। याद रखें कि यदि कोई एक योजना आपके लिए लाभदायी नहीं है या फोन करने की आपकी अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा नहीं करती है तो ऐसी उचित योजना के बारे में अन्य कंपनियों से तलाश करें। कोई भी प्लान खरीदने के लिए इंटरनेट एक अच्छा साधन है। लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के वेब स्थलों पर जाएं और उनकी योजनाओं की तुलना करें।

आप कह सकते हैं "मैं तो साल में केवल कुछ ही अंतर्राष्ट्रीय फोन करता हूँ -- मासिक फीस वाली कालिंग प्लान इसके लिए उचित नहीं है।" ऐसी स्थिति में, डायल-अराउंड या प्रि-पेड कार्ड आपके लिए ठीक हो सकते हैं।

## डायल - अराउंड

बहुत सी डायल-अराउंड सेवाएं 10-10 के बाद तीन अंकों के प्रवेश कोड (10-10-XXX) से शुरू होती है। कुछ कंपनियाँ अन्य अंक जैसे कि 10-15 या 10-16 व बाद में तीन अंकों का प्रवेश कोड उपयोग में लाती हैं। डायल अराउंड का उपयोग करते समय इन प्रवेश कोडों के साथ आपको अन्य सारे अंक डायल करना पड़ेंगे। उदाहरण के लिए :

**10-10-XXX + 011 +** देश का कोड **+** शहर का कोड **+** फोन नंबर

"डायल-अराउंड" का उपयोग करने से आप अपने द्वारा चुने गए 'लांग डिस्टेंस केरियर' को छोड़कर अर्थात् "अन्य कंपनी को डायल" कर उसकी लम्बी दूरी फोन की सेवा लेते हैं जो आपके नियमित प्लान की बजाय सस्ते दरों पर सेवा देती है। कई 'डायल अराउंड की दरें कालिंग प्लान की दरों जैसी या उनसे सस्ती होती हैं और उनमें मासिक फीस भी नहीं होती। डायल अराउंड द्वारा लिया गया शुल्क आपके मासिक बिल में जुड़ कर आता है।

डायल-अराउंड का उपयोग करना चाहें तो चतुर ग्राहक बनें। ग्राहकों के लिए बने वेब स्थल या प्रकाशन आपकी यह जानने में मदद कर सकते हैं कि आपके इलाके में कोई खास डायल-अराउंड नंबर उपलब्ध है, और क्या वह डायल-अराउंड कंपनी आपके लिए ठीक है।

किसी डायल-अराउंड कंपनी का उपयोग करने से पहले, निम्नलिखित प्रश्न पूछें :

क्या कोई एकमुश्त या मासिक शुल्क लगता है ?
प्रति मिनट दर क्या है ?
क्या संघ (फेडरल) या राज्य के कार्यक्रमों के लिए कोई शुल्क है ?

## प्रि-पेड कार्ड

प्रि-पेड कालिंग कार्ड द्वारा आप फोन करने के पहले फोन के लिए पैसा भर कर समय खरीदते हैं। कुछ डालरों में या मिनटों में बढ़ौतरी के साथ ये खरीदे जा सकते हैं। प्रि-पेड कालिंग कार्ड पर फोन करने के लिए एक टोल फ्री टेलीफोन नंबर एवं एक निजी पहचान नंबर (पिन) लिखा होता है।

प्रि-पेड कालिंग कार्ड का उपयोग करने के कई लाभ हैं। पहला लाभ, प्रि-पेड कार्ड अंतर्राष्ट्रीय सेवा के लिए सामान्यत: घटी दरों पर बेचे जाते हैं। साथ ही, वे आसानी से पहुँच जा सकने वाली अखबार की दुकानों, पोस्ट ऑफिसों या दुकानों पर मिलते हैं। और, ऐसे ग्राहक जिनके घर के फोन पर लंबी दूरी की टेलीफोन सेवा नहीं है वे भी इन कार्डों का उपयोग कर सकते हैं। कुछ कार्ड अन्य सुविधाएं भी देते हैं जैसे बार-बार फोन किए जाने वाले फोन नंबर के लिए स्पीड डायलिंग (तेजी से डायल) व गतिविधि (समय) संबंधी रिपोर्ट। अंत में फोन करने वालों को ये कार्ड पैसा पहले चुकाने की सुविधा देते हैं बजाय इसके कि बहुत ज्यादा बिल बन जाए जिसका बाद में भुगतान करना जरूरी हो।

फिर भी, ग्राहकों को चाहिए कि वे प्रि-पेड कालिंग कार्ड का उपयोग करते समय सावधानी बरतें। प्रि-पेड कालिंग कार्ड के कुछ शुल्क अदृश्य होते हैं। उदाहरण के लिए, ऐसा लगता है कुछ कार्ड मिनटों के हिसाब से शुल्क ले रहे हैं पर वे हर फोन के लिए भी फीस जोड़ते हैं। प्रि-पेड कार्ड खरीदते समय कार्ड के लेबल पर छोटे अक्षरों में छापे गए विवरणों को पढ़ लें।

ग्राहकों को जानना चाहिए कि बहुत से प्रि-पेड कार्डों पर उनके खतम होने के बारे में सूचना लिखी होती है, जैसे कि : "यह कार्ड- 12/31/02 को खतम हो जाएगा" साथ ही कई प्रि-पेड कार्डों पर सूचना लिखी होती है कि कार्ड के गुम जाने या चोरी हो जाने की दशा में कंपनी की जवाबदारी नहीं होगी।

अंतर्राष्ट्रीय फोन करने पर लगने वाले सभी शुल्कों के बारे में जानने के लिए कार्ड जारी करने वाली कंपनी को फोन करें। याद रखें कि आप पैसा पहले दे रहे हैं इसलिए यदि कार्ड का उपयोग करने में कोई समस्या हुई तो आपको नुकसान हो जाएगा। इन कार्डों को खरीदने के *पहले* सारी जानकारी ले लें।

## अंतर्राष्ट्रीय कालबैक सेवा

अंतर्राष्ट्रीय कालबैक सेवा ग्राहकों को यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर से यू.एस. की प्रचलित लंबी दूरी के फोन की दरों पर फोन करने की सुविधा देती है, ये दरें विदेशों में लिए जा रहे शुल्क के मुकाबले अक्सर बहुत कम होती है। ये सेवाएं ऐसे बिजनेसों, सरकारी संस्थाओं, बैंकों के लिए अच्छी हैं जिनके यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर भी कार्यालय हैं, साथ ही यह उन लोगों के लिए भी अच्छी है जो यू.एस. के बाहर यात्रा करते हैं। काल बैक सेवा के लिए अग्रिम सदस्यता जरूरी है। ये सेवाएं यूनाइटेड स्टेट्स से बाहर स्थित किसी व्यक्ति को, अक्सर एक टोल फ्री 800 नंबर पर फोन कर एवं काल बैक सेवा प्रदायक द्वारा दिए गए प्रवेश कोड को डायल करने पर फोन करने की अनुमति देती है। सदस्य 800 नंबर डायल करता है तथा प्रवेश कोड डायल करने पर डायल टोन सुनता है जिससे सदस्य यूनाइटेड स्टेट्स या अन्य किसी देश में कालबैक के जरिए फोन कर सकता है। कई कालबैक सेवा प्रदायक हैं जो कई देशों में एक से दूसरे देश में फोन करने की सेवा प्रदान करते हैं।